# 17.5
# वाक्यगत अशुद्धियाँ एवं अशुद्ध-शुद्ध वाक्य-सूची

## वाक्यगत अशुद्धियाँ

वाक्य, भाषा की सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई होता है। अतएव, लिखने या बोलने के समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा जो कुछ लिखा या कहा जाए, वह बिल्कुल स्पष्ट सार्थक और व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध हो। वाक्यों के विभिन्न अंग यथास्थान होना चाहिए साथ ही विराम-चिह्नों का भी उचित जगहों पर प्रयोग होना चाहिए। लिंग, वचन, कारक-चिह्न, समास, संधि, विशेषणों का उचित स्थानों पर प्रयोग अपेक्षित है। अस्पष्टता, शिथिलता, जटिलता, भ्रामकता, अर्थहीनता आदि कुछ ऐसे दोष हैं, जो किसी प्रकार क्षम्य नहीं कहे जा सकते।'[1]

यहाँ हम कुछ उदाहरणों की व्याख्या कर छात्रों का अशुद्धियों की तरफ ध्यानाकर्षण करना चाहते हैं—

1. हमें अपने माता-पिता की शुश्रूषा करनी चाहिए।
   **व्याख्या :** 'शुश्रूषा' रोगी की की जाती है। माता-पिता एवं श्रेष्ठ जनों के लिए 'सेवा' शब्द का प्रयोग होना चाहिए।
2. वे निःसन्तान माता-पिता हैं।
   **व्याख्या :** सन्तान-प्राप्ति के बाद ही कोई माता-पिता हो सकता है। यहाँ माता-पिता की जगह दंपती या पति-पत्नी होना चाहिए।
3. वह सकुशलपूर्वक रह रहा है।
   **व्याख्या :** यहाँ 'स' और 'पूर्वक' एक ही अर्थ के बोधक हैं। इस वाक्य में पुनरावृत्ति हुई है। या तो 'सकुशल' का प्रयोग होना चाहिए या फिर 'कुशलपूर्वक'।
4. राजू रविवार के दिन आएगा।
   **व्याख्या :** इस वाक्य में भी 'वार' और 'दिन' दो शब्द जो एक ही अर्थ के वाचक हैं, का प्रयोग हुआ है। शुद्ध रूप होगा राजू रविवार को आएगा। या, राजू रवि के दिन आएगा।
   **नोट :** *लिंग, वचन, कारक, विशेषण, वाक्य-विराम, चिह्न एवं वर्तनी पाठों में अशुद्धियों की विशद चर्चा की जा चुकी है।*
5. मेरे को दिल्ली जाना है।
   **व्याख्या :** इस वाक्य में सर्वनाम-संबंधी अशुद्धता है। मैं + को = 'मुझे' या 'मुझको' होता है न कि 'मेरे को'।
6. वह निर्दोषी था। निर्दोषी को सजा नहीं मिलनी चाहिए।
   **व्याख्या :** यहाँ विशेषण का गलत रूप में प्रयोग हुआ है। 'निर्दोषी' के स्थान पर 'निर्दोष' का प्रयोग सही होगा।
7. शिक्षक ने प्रश्न पूछा था।
   **व्याख्या :** 'प्रश्न' के साथ 'करना' क्रिया का प्रयोग होता है, न कि पूछना। यहाँ 'प्रश्न किया था' होना चाहिए।

---
1. डॉ. रामचन्द्र वर्मा अच्छी हिन्दी (पृष्ठ सं.–79)

www.classroomnotes.in

8. अजीत ने कहा, ''तुम कहाँ जा रहे हो ?''
व्याख्या : इस वाक्य में भी क्रिया-संबंधी अशुद्धता है। 'कहा' की जगह पर 'पूछा' का प्रयोग सही होगा।

9. वह वहाँ इसलिए जाता है; क्योंकि उसे बहुत पढ़ना है।
व्याख्या : यहाँ 'इसलिए' के साथ 'कि' का प्रयोग ही सटीक है । अतः 'क्योंकि' के स्थान पर 'कि' का प्रयोग होगा।

10. वह सचमुच में बीमार है।
व्याख्या : इस वाक्य में 'सचमुच' के साथ 'में' का गलत प्रयोग है; क्योंकि 'सचमुच' का शाब्दिक अर्थ है—सच में। इसलिए या तो 'सच में' लिखा जाना चाहिए या सिर्फ 'सचमुच'।

11. इसके बावजूद भी वह आता-जाता रहा।
व्याख्या : यहाँ दो बलाघातों का लगातार प्रयोग हुआ है। 'बावजूद' के बाद 'भी' का प्रयोग बिल्कुल गलत है।

12. यद्यपि वह बीमार था; परन्तु वह मेला गया।
व्याख्या : इस वाक्य में क्रियाविशेषण-संबंधी गलती है। 'यद्यपि' के साथ 'तथापि' का प्रयोग होता है।

13. छात्रों ने वर्माजी को एक फूलों की माला पहनाई।
व्याख्या : यहाँ पदक्रम-संबंधी अशुद्धि है। 'माला' एक फूल की नहीं होती और 'एक फूलों की माला' ऐसे भी गलत है। यहाँ होना चाहिए—फूलों की एक माला।

14. बेटी तो पराया धन होता है न ?
व्याख्या : यहाँ लिंग-संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का कर्त्ता 'बेटी' है, जो स्त्री., एकवचन, अन्यपुरुष है और यह वाक्य कर्तृवाच्य का है। इसमें होता की जगह 'होती' होना चाहिए।

15. गोली लगते ही उनका प्राण उड़ गया।
व्याख्या : यहाँ वचन-संबंधी गड़बड़ी है। प्राण, नेत्र, दर्शन, दाम आदि का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है। अतः, वाक्य में उनके प्राण उड़ गए' होना चाहिए।

16. दुर्गा के अनेकों नाम हैं।
व्याख्या : इस वाक्य में भी वचन-संबंधी अशुद्धि है। 'अनेक' स्वयं बहुवचन है। अतएव, अनेकों का प्रयोग निरर्थक है।

17. महाभारत अठारह दिनों तक चला।
व्याख्या : इस वाक्य में दिनों न होकर दिन होना चाहिए; 'क्योंकि अगला पद कारक-चिह्न न होकर 'निपात' है। कारक-चिह्न रहने पर ही 'दिन' का दिनों होता।

18. मेरे शिक्षक ने मुझे पढ़ाए हैं।
व्याख्या : यहाँ मुख्य कर्म नहीं है। दूसरी बात यह है कि कर्त्ता चिह्न-युक्त है और क्रिया आसन्न भूत की सकर्मक। ऐसी स्थिति में क्रिया का रूप पुंल्लिग एकवचन होना चाहिए। यानी 'पढ़ाए हैं' की जगह 'पढ़ाया है'।

19. माँ ने कही है।
व्याख्या : इस वाक्य में भी कर्त्ता चिह्न-युक्त और कर्म लुप्त है। ऐसी स्थिति में क्रिया पुरुष एकवचन होनी चाहिए।

www.classroomnotes.in

20. इस समय उनकी आयु 70 वर्ष है।
व्याख्या : यहाँ शब्द-प्रयोग की गलती है। 'आयु' जीवन की पूरी गणना को कहते हैं। इस वाक्य में 'आयु' के स्थान पर 'उम्र' का प्रयोग होना चाहिए।

21. हे भगवान्' अब मैं क्या करूँ ?
व्याख्या : इस वाक्य में प्रश्न नहीं किया गया है; बल्कि वक्ता ऊहापोह की स्थिति में है, वाक्य विस्मयार्थक है। अतः, प्रश्नवाचक-चिह्न की जगह पूर्णविराम का प्रयोग होना चाहिए।

22. रामराज्य में बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती थी।
व्याख्या : इस वाक्य में चिह्न-रहित दो कर्त्ता हैं। वाक्य की क्रिया पुं० बहुवचन होनी चाहिए—रामराज्य में बाघ और बकरी एक घाट पानी पीते थे।

23. वह पति के प्रति पीड़ा-ग्रस्त हो उठी।
व्याख्या : वाक्य निरर्थक लगता है; क्योंकि भाव बिल्कुल समझ में नहीं आ रहा है कि क्या कहा जा रहा है—वह पति से परेशान हो उठी।
या, वह पति की पीड़ा से दुखी हो गई।
या, वह पति-द्वारा दी गई पीड़ा से पीड़ित है।
नोट : *हमें भावहीन वाक्य नहीं लिखना चाहिए। इसी तरह के कुछ निरर्थक वाक्य दिए जा रहे हैं, अर्थ जानने का प्रयत्न करें :*
(a) इसका फल यह हुआ कि दोनों की घबरहाट में समझौते की चेतना उत्पन्न हुई।
(b) थोड़ी-सी वर्षा से ऋतु-परिवर्तन का मुख्य कारण महायुद्ध से उत्पन्न गैस है।
(c) सबको उत्सुकता का मिश्र अनुभूत हुआ।
(d) लेकिन जनता को तो उस जालिम के विरुद्ध अधिकार का दृढ़ विश्वास चाहिए जो स्यात् उतना भी सुहृदय न हो।

24. देहातों में हफ्ते में एकबार डाक बाँटना देशी भाषाओं के पत्रों के फैलाने में महान् संकट है।
व्याख्या : यह एक शिथिल और अस्पष्ट वाक्य है। इसका सही रूप होना चाहिए—एक बार डाक बँटना देशी भाषाओं के पत्रों के फैलाने में महान् संकट है।
नीचे कुछ ऐसे ही शिथिल और थोड़ा अस्पष्ट वाक्य दिए जा रहे हैं, इन्हें शुद्ध करके लिखें :
(a) तब के बाद हिन्दी आगे बढ़ी कही मानी जाती है।
(b) उत्तरप्रदेश अनेक विद्वानों को अपने में रखने का गौरव पाले हैं।
(c) हमारा साहित्य गतिशील होने के बजाय, उसे मुहाफिज खानों में रखना पड़े।
(d) खाद्य-समस्या के बारे में हमें अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए।
(e) उसकी दाढ़ी में उसे हँसी नहीं रही।
(f) उनका हृदय करुणा का अपार पारावार था।

25. दुकानदारों के इस कथन पर विश्वास न करने का कोई कारण न होने से जिन मकानों में बिजली नहीं है, उनमें रहनेवाले चिन्तित हो रहे हैं।
व्याख्या : उपर्युक्त वाक्य जटिल भी है और शिथिल भी। आप स्वयं विराम-चिह्नों के प्रयोग, क्रम को पलटकर एवं कुछ पदों को हटाकर इसे शुद्ध करें।

26. शीला ने नौकरानी को बुलायी।
व्याख्या : यदि कर्त्ता और कर्म दोनों चिह्न-युक्त रहें तो क्रिया स्वतंत्र हो जाती है और ऐसी अवस्था में क्रिया पुरुष अन्य पुं०, एकवचन में रहती है। यहाँ 'बुलायी' न होकर 'बुलाया' होगा।

www.classnotes.in

27. नौकर ने बाजार से सामान लाया है।
व्याख्या : 'लाना' क्रिया रहने पर कर्त्ता के साथ 'ने चिह्न' का प्रयोग नहीं होगा।

28. ईश्वर आपकी इच्छा पूरी करें।
व्याख्या : 'ईश्वर' शब्द का प्रयोग पुं० एकवचन में होने के कारण वाक्य होना चाहिए—'ईश्वर आपकी इच्छा पूरी करे।

29. वह अपने कपड़े बदल रहा है।
व्याख्या : यहाँ 'अपने' शब्द का प्रयोग व्यर्थ ही हुआ है; क्योंकि कपड़े अपने ही बदले जाते हैं।

30. उनकी आवाज कान में सुनाई पड़ी।
व्याख्या : इस वाक्य में या तो 'कान में' को निकाल देना चाहिए या फिर 'सुनाई' को। इस तरह वाक्य बनेगा 'उनकी आवाज कान में पड़ी' या 'उनकी आवाज सुनाई पड़ी।

31. इस प्रकार वह अनेक प्रकार के बहाने बनाने लगा।
व्याख्या : इस वाक्य में पुनरुक्ति दोष है। 'प्रकार' शब्द का दो बार निरर्थक प्रयोग हुआ है। वाक्य होना चाहिए— 'इस प्रकार वह अनेक बहाने बनाने लगा'।

32. आपने 12 ता. के लिखे पत्रों में लिखा था।
व्याख्या : 'लिखना' शब्द का दो बार प्रयोग होने से वाक्य भद्दा हो गया है। वाक्य होना चाहिए—'आपने 12 ता. के पत्रों में लिखा था'।

33. देश की वर्तमान मौजूदा सामाजिक-आर्थिक स्थिति खराब है।
व्याख्या : इस लक्य में 'वर्तमान' और 'मौजूदा' दोनों एक ही अर्थ के वाचक होने के कारण वाक्य को अशुद्ध कर रहे हैं। दूसरी बात यह है कि 'सामाजिक' और 'आर्थिक' न तो द्विरुक्त शब्द हैं और न ही एक-दूसरे के पूरक, इसलिए वाक्य का रूप होना चाहिए :

देश की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब है।

या, देश की मौजूदा सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब है।

34. बहुत-से लोग उनके विवाहोत्सव समारोह में सम्मिलित हुए।
व्याख्या : यहाँ भी या तो 'विवाहोत्सव' का प्रयोग होना चाहिए या फिर 'विवाह-समारोह' का प्रयोग।

35. ऐसे सज्जन पुरुष सभी जगह नहीं मिलते हैं।
व्याख्या : यहाँ 'सज्जन' का अर्थ है—सत् जन। 'जन', और पुरुष दोनों में से एक ही रहना चाहिए। प्रायः 'सज्जन' का प्रयोग ही होता हैं; परन्तु 'सत्पुरुष' का प्रयोग भी गलत नहीं है। अतएव, वाक्य होना चाहिए :

ऐसे सज्जन सभी जगह नहीं मिलते हैं।

या, ऐसे सत्पुरुष सभी जगह नहीं मिलते हैं।

36. उड़ीसा के सिवा देश की खाद्य-स्थिति संतोषजनक है।
व्याख्या : इस वाक्य का अर्थ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। यह वाक्य कुछ और पदों की अपेक्षा रखता है। जैसे—उड़ीसा के सिवा बाकी सारे देश की खाद्य-स्थिति संतोषजनक है।

37. मैं आज-कल एक उपन्यास पढ़ रहा हूँ, अच्छा।
व्याख्या : यहाँ 'अच्छा' विशेषण का प्रयोग अपने विशेष्य 'उपन्यास' के पहले होना चाहिए— 'मैं आज-कल एक अच्छा उपन्यास पढ़ रहा हूँ।

www.classnotes.in

38. डॉ. मनहोहन सिंह ने अपने मंत्रीमंडल का विस्तार किया।
व्याख्या : यहाँ 'मंत्रीमंडल' की वर्तनी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा—मंत्रिमंडल।

39. मैंने प्रधान अध्यापक को आवेदन-पत्र भेज दिया है।
व्याख्या : इस वाक्य में 'प्रधान और 'अध्यापक' में संधि होनी चाहिए थी—मैंने प्रधानाध्यापक को आवेदन-पत्र भेज दिया है।

40. क्लिनिक प्लस ने उनके बालों की सौंदर्यता बढ़ा दी है।
व्याख्या : 'सौंदर्य' या 'सुन्दरता' दोनों भाववाचक है। सौंदर्य का प्रयोग पुं० में और 'सुन्दरता' का स्त्री० में होता है। अतएव, वाक्य होना चाहिए—

क्लिनिक प्लस ने उनके बालों का सौंदर्य बढ़ा दिया है।

या, क्लिनिक प्लस ने उनके बालों की सुन्दरता बढ़ा दी है।

41. गतवर्ष वह दिल्ली जानेवाला है।
व्याख्या : 'गत' का अर्थ है—बीता हुआ या विगत। जानेवाले, आनेवाले समय का बोध कराता है, इसलिए वाक्य होगा :

अगले वर्ष वह दिल्ली जानेवाला है।

या, इस वर्ष वह दिल्ली जानेवाला है।

42. तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।
व्याख्या : 'अस्त्र' हाथ से फेंककर चलाया जानेवाला हथियार है; जबकि 'तलवार' हाथ में रखकर चलायी जाती है, इसलिए यहाँ 'अस्त्र' की जगह 'शस्त्र' का प्रयोग होना चाहिए। वही 'भाला' रहने पर 'अस्त्र' ही सटीक होता।

43. बात-बात में इस तरह झगड़ना-लड़ना ठीक नहीं है।
व्याख्या : यहाँ 'लड़ना-झगड़ना' होना चाहिए, क्रम उल्टा है।

44. औरतें भी कहीं-कहीं मर्द होते हैं।
व्याख्या : इस वाक्य में 'कहीं-कहीं' का प्रयोग शुरू में होना चाहिए तथा वाक्य के कर्त्ता (औरतें) के अनुसार क्रिया का रूप होगा चाहिए—कहीं-कहीं औरतें भी मर्द होती हैं।

45. मैंने रोटी को खाया।
व्याख्या : इस वाक्य में 'को' का प्रयोग निरर्थक है। 'को' के हट जाने पर क्रिया का रूप कर्म (रोटी) के अनुसार होगा—मैंने रोटी खायी।

46. वह, तुम और हम साथ चलेंगे।
व्याख्या : यहाँ (231) फार्मूला अपनाना चाहिए यानी पहले मध्यम पुरुष, फिर अन्य पुरुष और अंत में उत्तम पुरुष ............. तुम, वह और हम साथ चलेंगे।

47. दौलत ही झगड़ा का कारण बना।
व्याख्या : इस वाक्य में दो जगह अशुद्धियाँ हैं—'झगड़ा' आकारान्त पुं० संज्ञा है। इसके बाद संबंधकारक का चिह्न आया है। 'झगड़ा' की जगह 'झगड़े' होना चाहिए। वाक्य का कर्त्ता 'दौलत' स्त्री. एकवचन है और वाक्य कर्तृवाच्य का। क्रिया का रूप स्त्रीलिंग होना चाहिए ............ दौलत ही झगड़े का कारण बनी।

48. रघुवीर को एक लड़की हुई है।
व्याख्या : इस वाक्य में 'रघुवीर को' की जगह 'रघुवीर के' होना चाहिए; क्योंकि रघुवीर की पत्नी ने लड़की को जन्म दिया है, रघुवीर ने नहीं।

www.classroomnotes.in

49. मेरा नाम श्री अरविन्द कुमार है।
व्याख्या : कोई अपने नाम के साथ 'श्री' का प्रयोग नहीं करता, इसलिए 'श्री' शब्द को छोड़कर वाक्य लिखा जाएगा।

50. गाँधी को भला-बुरा कहना चन्द्रमा पर थूकने के समान है।
व्याख्या : इस वाक्य में मुहावरे का गलत रूप से प्रयोग हुआ है। 'आसमान पर थूकना' या 'चाँद पर उगली उठाना' या 'चाँद पर थूकना' मुहावरा होता है न कि 'चन्द्रमा पर थूकना'।

## वाक्य-शुद्ध करते समय ध्यान देने योग्य बातें :

वाक्य-शुद्ध करते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए :

- वाक्य में कम-से-कम परिवर्तन हो।
- लिंग-वचन-कारक-पुरुष-वाच्य-क्रिया आदि का सही प्रयोग हो।
- वर्तनी-दोष नहीं हो।
- विराम-चिह्नों का सही प्रयोग हो।
- शब्दों का प्रयोग उनकी प्रकृति के अनुसार हो।
- वाक्य में अन्य पदों की आकांक्षा शेष नहीं रहे।
- मुहावरों का गलत प्रयोग न हो।
- निरर्थक या व्यर्थ के शब्दों का प्रयोग न हो।
- एक ही अर्थ के वाचक दो पर्यायों का प्रयोग न हो।
- कोई बात समाज, धर्म, भूगोल, इतिहास, विज्ञान विरुद्ध न हो।
- वाक्य में पदों का क्रम नियमानुसार हो।

## अशुद्ध-शुद्ध वाक्य-सूची :

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| वह कहा कि मैंने ही यह चिट्ठी लिखा है। | उसने कहा कि मैंने ही यह चिट्ठी लिखी है। |
| अनेकों लोगों ने सरकारी नीतियों की प्रशंसा की। | अनेक लोगों ने सरकारी नीति की प्रशंसा की। |
| दो इस विद्यालय में सौ छात्र हैं। | इस विद्यालय में दो सौ छात्र हैं। |
| यह बालक कहाँ जा रहे हैं। | ये बालक कहाँ जा रहे हैं? |
| यह लोग कहाँ जा रहे हैं। | ये लोग कहाँ जा रहे हैं? |
| वे क्या करना चाहता है | वह क्या करना चाहता है? |
| केवल वहाँ दो लोग थे। | वहाँ केवल दो लोग थे। |
| गया था मैं कानपुर। | मैं कानपुर गया था। |
| महादेवी छायावादी कवित्री हैं। | महादेवी छायावादी कवयित्री हैं। |
| रोगी को हिलाकर दवा पिलाओ। | दवा हिलाकर रोगी को पिलाओ। |
| आँसू से नीतू का मुख भींग गया। | आँसुओं से नीतू का मुख भींग गया। |
| कृपया, मुझे दो दिन का अवकाश देने की कृपा करें। | कृपया, मुझे दो दिनों का अवकाश दें। |
| प्रातः काल के समय भ्रमण उपयोगी रहता है। | प्रातःकाल भ्रमण उपयोगी रहता है। |
| सुयश ने आज वस्त्र आदि खरीदा। | सुयश ने आज वस्त्रादि खरीदे। |
| कृपया फाटक बंद करने की कृपा करें। | कृपया, फाटक बन्द करने का कष्ट करें। |
| मैं पैदल चलने का अभ्यासी हूँ। | मैं पैदल चलने का अभ्यस्त हूँ। |

www.classroomnotes.in

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| वह कक्षा दस का छात्र है। | वह दसवीं कक्षा का छात्र है। |
| श्रीमान् रानी जी ! आपसे निवेदन है। | श्रीमती रानी जी, आपसे निवेदन है। |
| पुस्तकालय में अनेकों पुस्तकें हैं। | पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें हैं। |
| लक्ष्मण राम के छोटे भाई थे। | लक्ष्मण, राम के छोटे भाई थे। |
| वह रोटी खाया। | उसने रोटी खायी। |
| मैं देखा हूँ। | मैंने देखा है। |
| मैं पढ़ा हूँ। | मैंने पढ़ा है। |
| वह अनेकों काम करता है | वह अनेक काम करता है। |
| सविनयपूर्वक निवेदन है। | सविनय निवेदन है। |
| बच्चा का क्या समाचार है। | बच्चे का क्या समाचार है ? |
| परीक्षा पद्धति बदलना चाहिए। | परीक्षा-पद्धति बदलनी चाहिए। |
| यह निबंध मैं लिखा हूँ। | यह निबंध मैंने लिखा है। |
| एक कौवे की गर्दन पर गधा बैठा था। | गधे की गर्दन पर एक कौवा बैठा था। |
| तुम विद्यालय जाने में देरी न करो। | तुम विद्यालय जाने में देर न करो। |
| वह वाराणसी से वापस लौट आया। | वह वाराणसी से लौट आया। |
| क्या तुम्हें चारों वेद का नाम ज्ञात है ? | क्या तुम्हे चारों वेदों के नाम ज्ञात हैं ? |
| पति-पत्नी आई हैं। | पति-पत्नी आए हैं। |
| क्या आप भोजन किए हैं ? | क्या आपने भोजन किया है ? |
| यह वृक्ष आम का है। | यह आम का वृक्ष है। |
| मैं चार चिट्ठी लिखा। | मैंने चार चिट्ठियाँ लिखीं। |
| यह तो मेरा पुस्तक है। | यह तो मेरी पुस्तक है। |
| दस हजार रुपया बैंक से लाया गया। | दस हजार रुपये बैंक से लाए गए। |
| नगर में अनेकों सिनेमाघर हैं। | नगर में अनेक सिनेमाघर हैं। |
| एक फूलों की माला ला दीजिए। | फूलों की एक माला ला दीजिए। |
| आकाश सहयोग प्रदान करने में असमर्थ रहा। | आकाश सहयोग करने में असफल रहा। |
| संभवतः वह आज अवश्य आएगा। | संभवतः वह आज आएगा। |
| मेरे मित्र ने दो पुस्तक खरीदी। | मेरे मित्र ने दो पुस्तकें खरीदीं। |
| तुलशीदास ने बिनय पत्रिका लिखी। | तुलसीदास ने विनयपत्रिका लिखी। |
| समारोह में अनेकों गायक आए थे। | समारोह में अनेक गायक आए थे। |
| छात्र अपना-अपना कार्य करो। | छात्र अपना-अपना कार्य करें। छात्रो ! अपना कार्य करें। |
| लता दो चिट्ठी लिखी। | लता ने दो चिट्ठियाँ लिखीं। |
| पं. नेहरू का यह देश उपकार नहीं भूल सकता। | यह देश पं. नेहरू का उपकार नहीं भूल सकता। |
| वह मुझे बुलाया है। | उसने मुझे बुलाया है। |
| जब भी आप आओ, मुझे मिले। | आप जब भी आएँ, मुझसे मिलें। |
| यह कहानी को मैं पढ़ा हूँ। | मैंने यह कहानी पढ़ी है। |
| आपका दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया। | आपके दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया। |
| यह दायित्व आप पर निर्भर करता है। | यह दायित्व आप पर निर्भर है। |

www.classroomnotes.in

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| हमारी कक्षा में एक सौ कुर्सी है। | हमारी कक्षा में सौ कुर्सियाँ हैं। |
| विमला ने गीत गायी। | विमला ने गीत गया। |
| विद्यालय जाओ और वहाँ पढ़िए। | विद्यालय जाओ और पढ़ो। |
| मेरा भाई साइकिल पर स्कूल जाता है। | मेरा भाई साइकिल से स्कूल जाता है। |
| महात्मा गांधी का यह देश सदा आभारी रहेगा। | यह देश महात्मा गाँधी का सदैव आभारी रहेगा। |
| मैंने कविता सुनाया। | मैंने कविता सुनाई। |
| आप निःसंकोच चले जाओ। | आप निःसंकोच चले जाइए। |
| आप यहाँ बैठो। | आप यहाँ बैठें। |
| मेला में मिठाइयाँ बिकती हैं। | मेले में मिठाइयाँ बिकती हैं। |
| पुस्तकालय में अनेक प्रकार की पत्रिका है। | पुस्तकालय में अनेक प्रकार की पत्रिकाएँ हैं। |
| क्या आप कक्षा कार्य किए हैं। | क्या आप कक्षा-कार्य कर चुके हैं? |
| रमेश और सोहन दो मित्र हैं। | रमेश और सोहन दोनों मित्र हैं। |
| मेरी स्वास्थ अच्छा है। | मेरा स्वास्थ्य अच्छा है। |
| छात्र कक्षा में शान्त रहो। | छात्रो ! कक्षा में शान्त रहो। |
| श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं। | श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं। |
| महाराज दशरथ ने अपना प्राण त्याग दिया। | महाराज दशरथ ने अपने प्राण त्याग दिए। |
| पचासों इस विद्यालय के छात्र वहाँ उपस्थित थे। | इस विद्यालय के पचासों छात्र वहाँ उपस्थित थे। |
| सीता अपने भाई को पुस्तक पढ़ने के लिए कही। | सीता ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा। |
| उस मृत्युदंड की सजा मिली। | उसे मृत्युदंड मिला। |
| राम को चरखा कातना चाहिए। | राम को चरखा चलाना चाहिए। राम को सूत कातना चाहिए। |
| सब यहाँ कुशलपूर्वक हैं। | यहाँ सब कुशलपूर्वक हैं। |
| यहाँ लगभग कोई दो दर्जन के करीब आम हैं। | यहाँ लगभग दो दर्जन आम हैं। |
| हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दिया जाए। | हिन्दी की शिक्षा अनिवार्य कर दी जाय। |
| मैंने दिलीप को प्रदीप को और कुलदीप को कल साथ देखा था। | मैंने दिलीप, प्रदीप और कुलदीप को कल साथ-साथ देखा था। |
| लड़के और लड़कियाँ घर गईं। | लड़के और लड़कियाँ घर गए। |
| पिता-माता आए। | माता-पिता आए। |
| टीचर क्लास में आया। | अध्यापक कक्षा में आए। |
| यह मेरा प्रवेस पत्र है। | यह मेरा प्रवेश-पत्र है। |
| राम, सीता और लक्ष्मण गया। | राम, सीता और लक्ष्मण गए। |
| उसने बाथरूम कर दिया। | उसने पेशाब/शौच कर दिया। |
| वहाँ ताजा गाय का दूध मिलता है। | वहाँ गाय का ताजा दूध मिलता है। |
| उसकी सौंदर्यता पर मैं मुग्ध हूँ। | मैं उसके सौंदर्य पर मुग्ध हूँ। |
| तुम दो यह कार्य करो | तुम दोनों यह कार्य करो। |
| क्या तुम प्रतिदिन विद्यालय जाता है? | क्या तुम प्रतिदिन विद्यालय जाते हो? |
| मैथलीशरण गुप्त ने सांकेत की रचना की। | मैथिलीशरण गुप्त ने साकेत की रचना की। |
| इस शहर में चार लड़कियों के स्कूल हैं। | इस शहर में लड़कियों के चार स्कूल हैं। |

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| लड़के और लड़कियाँ कक्षा में पढ़ रही हैं। | लड़के और लड़कियाँ कक्षा में पढ़ रहे हैं। |
| वे परस्पर एक-दूसरे से लड़ते हैं। | वे परस्पर लड़ते हैं। वे एक-दूसरे से लड़ते हैं। |
| हम अपना प्राण दे दूँगा। | मैं अपने प्राण दे दूँगा। हम अपने प्राण दे देंगे। |
| आठ रेलवे के चोर पकड़े गए। | रेलवे के आठ चोर पकड़े गए। |
| हम अभी-अभी दूध पिये हैं। | हमने अभी-अभी दूध पिया है। |
| मैं तो आज अवश्य ही विद्यालय जाएँगे। | मैं तो आज अवश्य ही विद्यालय जाऊँगा। |
| हम यहाँ सकुशलतापूर्वक हैं। | हम यहाँ सकुशल हैं/हम यहाँ कुशलपूर्वक हैं। |
| मुझे पानी का एक गिलास दो। | मुझे एक गिलास पानी दो। |
| अहा ! मेरा मित्र स्वर्ग सिधार गया। | हाय ! मेरा मित्र स्वर्ग सिधार गया। |
| जो विद्यार्थी कल नहीं आए थे, वह आज अवश्य ही आएँगे। | जो विद्यार्थी कल नहीं आए थे, वे आज अवश्य ही आएँगे। |
| एक-एक करके सभी हार गए। | सभी एक-एक करके हार गए। |
| रत्ना ने पुस्तक नहीं लौटा दी है। | रत्ना ने पुस्तक नहीं लौटाई है। |
| कोयल का कंठ सबसे मधुरतम है। | कोयल का कंठ मधुरतम है। |
| क्या आप आ सकोगे ? | क्या आप आ सकेंगे ? |
| महाभारत अठारह दिनों तक चलता रहा। | महाभारत अठारह दिन तक चलता रहा। |
| प्रत्येक को दो-दो पुस्तकें दीजिए। | प्रत्येक को दो पुस्तकें दीजिए। |
| प्रत्येक के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें। | प्रत्येक के दो पर्यायवाची शब्द लिखें। |
| सारी रातभर मैं जागता रहा। | मैं रातभर जागता रहा। मैं सारी रात जागता रहा। |
| यह कथन अनेकों भाव प्रकट करते हैं। | यह कथन अनेक भाव प्रकट करता है। |
| रमाकान्त अपनी महिला के साथ सर्कस देखने गया। | रमाकान्त अपनी पत्नी के साथ सर्कस देखने गया। |
| केवल मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित है। | केवल महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। |
| जयसंकर प्रसाद ने कमायनी लिखा। | जयशंकर प्रसाद ने कामायनी लिखी। |
| बालिका कार्य किया। | बालिका ने कार्य किया। |
| मोहन अपनी माँ के साथ आए। | मोहन अपनी माँ के साथ आया। |
| दस रुपया मे यह खिलौना खरीदा है। | दस रुपये में यह खिलौना खरीदा है। |
| मैंने भी आपके साथ चलना है। | मुझे आपके साथ चलना है। |
| वर्माजी को मीटिंग का समाचार भेज दो। | वर्मा जी को मीटिंग की सूचना भेज दो। |
| तूफान आने का सन्देह है। | तूफान आने का भय है। |
| हमें भाषा का अच्छा बोध होना चाहिए। | हमें भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। |
| कमला ने गीत की चार लड़ियाँ गाई। | कमला ने गीत की चार लड़ियाँ गाईं। |
| नेता ने झूठे वादे कर जनसंख्या का दिल जीत लिया। | नेता ने झूठे वादे कर जनता का दिल जीत लिया। |
| महापुरुषों का जीवन द्वन्द्वों में बीता है। | महापुरुषों का जीवन संघर्षों में बीता है। |
| उन्नति के मार्ग में बहुत संकट हैं। | उन्नति के मार्ग में बड़ी बाधाएँ हैं। |
| विगत वर्ष अनेक यंत्रों की उत्पत्ति हुई। | विगत वर्ष अनेक यंत्रों का आविष्कार हुआ। |
| इतनी-सी बात पर वह मेरें से रूठ गई। | इतनी-सी बात पर वह मुझसे रूठ गई। |
| तेरे को मालूम नहीं था, क्या ? | तुझे मालूम नहीं था, क्या ? |

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| तुम तुम्हारा काम करो और हम हमारा काम करेंगे। | तुम अपना काम करो और हम अपना काम करेंगे। |
| मैंने मेरी कलम मेज पर रखी थी। | मैंने अपनी कलम मेज पर रखी थी। |
| पानी में कौन पड़ गया? | पानी में क्या पड़ गया? |
| जो जायेगा सो पायेगा, जो सोवेगा सो खोवेगा। | जो जागेगा, वह पाएगा, जो सोएगा, वह खोएगा। |
| साहित्य और जीवन का घोर संबंध है। | साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है। |
| भ्रष्टाचार गहरी समस्या है। | भ्रष्टाचार गंभीर समस्या है। |
| राकेश अग्रिम मंगलवार को जावेगा। | राकेश आगामी मंगलवार को जाएगा। |
| यह मामला वास्तव में चिन्तनीय है। | यह मामला वास्तव में चिन्ताजनक है। |
| अनेक निरपराधी दंडभागी हुए। | अनेक निरपराध दंड के भागी हुए। |
| मंत्रीजी ने भाषण दिया था। | मंत्रीजी ने भाषण किया था। |
| साहब ने बोला है कि किसी को न आने दिया जाय अंदर में। | साहब ने कहा है कि किसी को अन्दर न आने दिया जाय। |
| वह भगवान पर श्रद्धा करता है। | वह भगवान पर श्रद्धा रखता है। |
| फेल होने की खबर सुनकर उसका चेहरा गिर गया। | फेल होने की खबर सुनकर उसका चेहरा उतर गया। |
| स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम अवश्य लेना चाहिए। | स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम अवश्य करना चाहिए। |
| पत्रान्त में उसने अपना हस्ताक्षर करा। | पत्रान्त में उसने अपने हस्ताक्षर किए। |
| कोलम्बस ने अमरीका का आविष्कार किया। | कोलम्बस ने अमरीका की खोज की। |
| आपकी सेवाएँ हस्तान्तरित कर दी गई हैं। | आपकी सेवाएँ स्थानांतरित कर दी गई हैं। |
| यह पुस्तक विद्वत्तापूर्ण लिखी गई है। | यह पुस्तक विद्वत्तापूर्वक लिखी गई है। |
| उन्हें सादरपूर्वक निमंत्रण भेज दो। | उन्हें सादर निमंत्रण भेज दो। उन्हें आदरपूर्वक निमंत्रण भेज दो। |
| देश में सर्वस्व शांति होनी चाहिए। | देश में सर्वत्र शांति होनी चाहिए। |
| माँ की आज्ञा के अनुकूल वह सो गया। | माँ की आज्ञा के अनुसार वह सो गया। |
| जब भी आपकी इच्छा हो, चले आना। | जब कभी आपकी इच्छा हो, आ जाना। |
| भीड़ में चार लखनऊ के व्यक्ति थे। | भीड़ में लखनऊ के चार व्यक्ति थे। |
| कई बैंक के कर्मचरियों ने हड़ताल किया। | बैंक के कई कर्मचारियों ने हड़ताल की। |
| वह संतोष का साँस लेकर रुका। | वह संतोष की साँस लेकर रुका। |
| यह तो नई प्रकार की वस्तु है। | यह तो नये प्रकार की वस्तु है। |
| दरिद्रता जैसी दूसरी शत्रू नहीं। | दरिद्रता-जैसा दूसरा शत्रु नहीं। |
| अपने भाई-बहन का नाम बताओ। | अपने भाई-बहन के नाम बताओ। |
| चोरों को कुत्ते के समान घसीटा गया। | चोरों को कुत्तों के समान घसीटा गया। |
| हम आप से कहे थे कि वह बदमाश नहीं है। | मैंने आपसे कहा था कि वह बदमाश नहीं है। |
| चिड़ियाँ पेड़ में बैठी है। | चिड़ियाँ पेड़ पर बैठी हैं। |
| आजकल कम्प्यूटर पर महत्त्व दिया जा रहा है। | आजकल कम्प्यूटर को महत्त्व दिया जा रहा है। |
| भाइयों और बहनों हमें आपसे कुछ कहना है। | भाइयो और बहनो ! मुझे आपसे कुछ कहना है। |
| किसी और दूसरे व्यक्ति को भेज दो। | किसी और व्यक्ति को भेज दो। |

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| माली पानी से पौधों को सींच रहा है। | माली पौधों को सींच रहा है। |
| उनके गुप्त रहस्य प्रकट हो गए। | उनके रहस्य प्रकट हो गए। |
| भारत और पाक में घोर घमासान युद्ध हुआ था। | भारत और पाक में घमासान युद्ध हुआ था। |
| उसकी पत्नी बड़ी लजीज है। | उनकी पत्नी बड़ी अच्छी है। |
| नौजवान युवकों को दहेज प्रथा का विरोध करना चाहिए। | नौजवानों/युवकों को दहेज-प्रथा का विरोध करना चाहिए। |
| केवल मात्र पांच सौ रुपया ही मिला है। | मात्र पाँच सौ रुपये ही मिले हैं। |
| ये सब बुराइयाँ यौवनावस्था की हैं। | ये सब बुराइयाँ यौवन / युवावस्था की हैं। |
| मध्यकालीन युग में कलाओं की बहुत उन्नति हुई। | मध्यकाल में/मध्य युग में कलाओं की बड़ी उन्नति हुई। |
| मंतूराम की सौभाग्यवती कन्या का विवाह होनेवाला है। | मंतूराम की आयुष्मती कन्या का विवाह होनेवाला है। |
| इस समय मेरी आयु 43 वर्ष है। | इस समय मेरी उम्र 43 वर्ष है। |
| वह रोज गाने की कसरत करता है। | वह रोज गाने का अभ्यास /रियाज करता है। |
| वहाँ बहुत से नारी-नर जमा थे। | वहाँ बहुत-से नर-नारी जमा थे। |
| उनकी नजर में गरीब-अमीर बराबर हैं। | उनकी नजर में अमीर-गरीब बराबर हैं। |
| वहाँ आजकल बहुत डकैती और चोरी होती है। | वहाँ आजकल बहुत चोरी और डकैती होती है। |
| प्रभु मोको हय दीजिए अथवा मत्त गयंद। | 'हय' की जगह गयंद और गयंद की जगह 'हय' होना चाहिए। |
| बच्चा माँ की बगल में बैठा था। | बच्चा माँ के बगल में बैठा था। |
| राजा दशरथ को चार लड़के हुए। | राजा दशरथ के चार लड़के हुए। |
| श्याम को एक लड़की हुई है। | श्याम के एक लड़की हुई है। |
| तेरी कोई लड़की है या नहीं? | तेरे कोई लड़की है या नहीं? |
| मैं आपके इच्छानुसार ही काम करूँगी। | मैं आपकी इच्छानुसार ही काम करूँगी। |
| दीदी अपने सहेली को दावत दी है। | दीदी ने अपनी सहेली को दावत दी है। |
| केवल संकेत मात्र से काम नहीं चलेगा। | केवल संकेत से काम नहीं चलेगा। |
| मेरे पहुँचते ही गाड़ी ने चल दिया। | मेरे पहुँचते ही गाड़ी चल दी। |
| कोई-कोई ऐसा भी कहता है। | कोई-कोई ऐसा भी कहते हैं। |
| मैं, वह और तुम शहर जाओगे। | मैं, वह और तुम शहर जाएँगे। |
| यह प्रवृत्ति से भले आदमी हैं। | वे प्रकृति से भले आदमी हैं। |
| कोई काम में जल्दबाजी मत करो। | किसी काम में जल्दबाजी मत करो। |
| मैंने यह काम करा है। | मैंने यह काम किया है। |
| बेली की कली शृंगार का साधन होता है। | बेली की कली शृंगार का साधन होती है। |
| चोर सामान लेकर आठ तीन ग्यारह हो गया। | चोर सामान लेकर नौ-दो-ग्यारह हो गया। |
| बेटा-बेटी किसे प्यारी नहीं होती? | बेटा-बेटी किसे प्यारे नहीं होते ? |
| मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता। | मुझसे यह काम संभव नहीं/नहीं हो सकता। |
| थोड़ी देर में मुखिया और उसका नौकर आ पहुँचे। | थोड़ी देर में मुखिया और उसका नौकर आ पहुँचा। |
| इस काम का भार तुम्हारे ऊपर है। | इस काम का भार तुम पर है। |

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| उसके आँख से आँसू टपक पड़ा। | उसकी आँखों से आँसू टपक पड़े। |
| मेरी तो जानों पर बन आया। | मेरी तो जान पर बन आई। |
| दंड देने योग्य तो वह है ही। | दंड पाने के योग्य तो वह है ही। |
| चाचा नेहरू की मृत्यु पर बच्चे फूट-फूटकर चिल्लाने लगे। | चाचा नेहरू के निधन पर बच्चे फूट-फूटकर रोने लगे। |
| इस मंच पर किस नाटक की भूमिका होनेवाली है ? | इस मंच पर किस नाटक का अभिनय होनेवाला है ? |
| शोक है कि आपने मेरे निवेदन पर ध्यान नहीं दिया। | खेद है कि आपने मेरे निवेदन पर ध्यान नहीं दिया। |
| आपका पत्र सधन्यवादपूर्वक मिला। | आपका पत्र मिला, धन्यवाद ! |
| चंदा मैं इसलिए नहीं दूँगा क्योंकि मैं बेरोजगार हूँ। | आजकल मैं बेरोजगार हूँ, इसीलिए मैं चंदा नहीं दे सकूँगा। |
| सैनिक धन्य है कि जिन्होंने देश के लिए जान छोड़ दी। | वे सैनिक धन्य हैं, जिन्होंने देश के लिए जान दे दी। |
| कल तुम जरूर वापस लौट आना। | कल तुम जरूर लौट आना। |
| इसकी गहराई की थाह का पता तुम्हीं चलाओ। | इसकी गहराई का पता तुम्हीं लगाओ। |
| चिड़ियाघर में बहुत से पशु और पक्षी चहकते और चरते हैं। | चिड़ियाघर में बहुत-से पशु और पक्षी चरते और चहकते हैं। |
| आतंकियों को रिहा करना मूर्खता होगा। | आतंकवादियों को रिहा करना मूर्खता होगी। |
| इनको कुछ उत्तर देना भूल होगा। | इनको कुछ उत्तर देना भूल होगी। |
| यहाँ बैठे-बैठे मन ऊब आया है। | यहाँ बैठे-बैठे मन ऊब गया है। |
| यह बोली ही महाभारत का कारण बना। | यह बोली ही महाभारत का कारण बनी। |
| बच्चों को पढ़ाना उसकी वृति था। | बच्चों को पढ़ाना उसकी वृत्ति थी। |
| मेरी दादी ने मुझे कानपुर बुलाई है। | मेरी दादी ने मुझे कानपुर बुलाया है। |
| किताब को जहाँ उठाई थी वहीं रख दी। | किताब जहाँ से उठाई थी, वहीं रख दी। |
| मैं उनसे यह बात मना लूँगा। | मैं उनसे यह बात मनवा लूँगा। |
| हृदय में ईर्ष्या प्रवाहित होती रही | हृदय में ईर्ष्याग्नि प्रज्वलित रही। |
| बहुसंख्यक मनुष्यगण यहाँ आए थे। | बहुसंख्यक मनुष्य यहाँ आए थे। |
| मैं अत्यन्त ही आनंद हुआ। | मैं अत्यंत ही आनंदित हुआ। |
| खुशी रहो बेटे। | खुश रहो, बेटे ! |
| बेटी की सफलता पर बाप बहुत खुशी हुआ। | बेटी की सफलता पर बाप बहुत खुश हुआ। |
| सारा सांसारिक प्राणी नश्वर है। | सारे सांसारिक प्राणी नश्वर हैं। |
| आगामी वर्ष मेरा भाई अमरीका गया था। | आगामी वर्ष मेरा भाई अमरीका जाएगा। |
| राजा और रानी मूर्च्छित हो गई। | राजा और रानी मूर्छित हो गए। |
| तुम्हारी घड़ी में कै बजा है ? | तुम्हारी घड़ी में कितने बजे हैं ? |
| वह अरोग्य हो गया। | वह नीरोग हो गया। |
| कौन किताब को पढ़ोगे ? | कौन-सी किताब पढ़ोगे ? |
| उसके भेड़ खेत चर गए। | उसकी भेड़ खेत चर गई। |
| आप कहते हो कि उसकी पत्नी बड़ी विद्वान है। | आप कहते हैं कि उसकी पत्नी बड़ी विदुषी है। |

www.classroomnotes.in

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| आपका दर्शन कब होगा। | आपके दर्शन कब होंगे ? |
| प्यास से होठ सूख रहा था। | प्यास से होठ सूख रहे थे। |
| पिताजी आज मुझे एक रुपये दिए। | आज पिताजी ने मुझे एक रुपया दिया। |
| यह सुनते ही उसका होश उड़ गया। | यह सुनते ही उसके होश उड़ गए। |
| बच्चा ने एक काला नाग को मारा। | बच्चे ने एक काले नाग को मारा। |
| इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो। | इन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो। |
| मुझे कान ही पुर जाना था। | मुझे कानपुर ही जाना था। |
| उस पर सुख के पहाड़ टूट पड़े। | उसपर दुःख के पहाड़ टूट पड़े। |
| उसने हस्ताक्षर किया होगा। | उसने हस्ताक्षर किए होंगे। |
| मेरा बात सुनो। | मेरी बात सुनो। |
| उसका नजर लग गया। | उसकी नजर लग गई। |
| यह कहना आपका भूल है। | यह कहना आपकी भूल है। |
| मैं हल करने की कोशिश में हूँ। | मैं हल करने की कोशिश करता हूँ। |
| कृपया कृपा करके मेरा नाम लिख भी दें। | कृपया, मेरा नाम भी लिख दें। |

## अभ्यास

**A. सही उत्तरों का चयन करें—**

1. <u>इस कार्यक्रम की समाप्ति पर</u> हम आपके घर आएँगे। रेखांकित पद-समूह क्या है ?
   (a) सामासिक पद (b) उपवाक्य (c) पदबंध (d) इनमें से कोई नहीं
2. मैं देख रहा था शांत सरोवर और उसमें तैरता हुआ हंस। इस वाक्य में 'तैरता हुआ हंस' क्या है ?
   (a) उपवाक्य (b) पद (c) पदबंध (d) इनमें से कोई नहीं
3. 'जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि' में 'जहाँ न पहुँचे रवि' क्या है ?
   (a) उपवाक्य (b) पदबंध (c) मुहावरा (d) इनमें से कोई नहीं
4. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा मिश्रवाक्य है ?
   (a) परिश्रम से पढ़ना प्रत्येक छात्र का कर्त्तव्य है।
   (b) क्या परिश्रम से पढ़ना प्रत्येक छात्र का कर्त्तव्य है ?
   (c) गुरुजी ने कहा था कि परिश्रम से पढ़ना प्रत्येक छात्र का कर्त्तव्य है।
   (d) परिश्रम से पढ़ना प्रत्येक छात्र का परम कर्त्तव्य है।
5. इनमें से कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य है ?
   (a) वह प्रतिदिन घर से खाकर आता है (b) वह घर जाता है और खाकर आता है
   (c) घर जाने पर वह खा लेता है (d) वह खा लेता है जब भी घर से आता है
6. निम्नलिखित में निषेधार्थक वाक्य कौन-सा है ?
   (a) सिंह बड़ा ताकतवर जानवर है
   (b) क्या सिंह बड़ा ताकतवर जानवर है
   (c) सिंह से बढ़कर ताकतवर जानवर कोई नहीं है
   (d) अरे, सिंह बड़ा ताकतवर जानवर है।
7. "कृपया, जाएँ !" यह कैसा वाक्य है।
   (a) प्रश्नवाचक (b) अनुरोधवाचक (c) आज्ञावाचक (d) इनमें से कोई नहीं

8. 'ताजमहल क्या ही सुन्दर है !' यह कैसा वाक्य है ?
(a) इच्छार्थक (b) विधानार्थक (c) विस्मयार्थक (d) इनमें से कोई नहीं
9. 'ईश्वर आपका कल्याण करे' .................. यह किस प्रकार का वाक्य है ?
(a) विधानार्थक (b) विस्मयार्थक (c) संदेहार्थक (d) इच्छार्थक
10. 'संकट की घड़ी में सभी भारतवासी एक हो जाते हैं। संरचना की दृष्टि से यह कैसा वाक्य है ?
(a) सरल वाक्य (b) मिश्रवाक्य (c) संयुक्त वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
11. कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?
(a) मेरा नाम श्री दीपक चौधरी है। (b) शेर देखते ही उसका होश उड़ गया।
(c) कृपया करके मेरा नाम भी लिख दें। (d) श्री भूषण जी के अनेक काम हैं।
12. वाक्य का कर्ता प्रायः क्या होता है ?
(a) उद्देश्य (b) विधेय (c) पदबंध (d) इनमें से कोई नहीं
13. आश्रित उपवाक्य किस तरह के वाक्य में पाया जाता है ?
(a) सरलवाक्य (b) मिश्रवाक्य (c) संयुक्त वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
14. 'पिताजी ने देखा था'—इस वाक्य की क्रिया किस काल की है ?
(a) वर्तमान काल (b) भूतकाल (c) भविष्यत् काल (d) इनमें से कोई नहीं
15. वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग होता है—
(a) मुख्य क्रिया के पहले (b) मुख्य क्रिया के बाद
(c) कहीं भी (d) इनमें से कोई नहीं
16. संयुक्त वाक्य में .................. ।
(a) दो सरल वाक्य होते हैं (b) दो मिश्रवाक्य होते हैं
(c) एक सरल एवं दूसरा मिश्रवाक्य होता है (d) सभी
17. किस वाक्य में दो वाक्य किसी योजक से जुड़े होते हैं ?
(a) सरल (b) मिश्र (c) संयुक्त (d) तीनों
18. अर्थ की दृष्टि से वाक्यों के कितने प्रकार हैं ?
(a) दो (b) चार (c) आठ (d) तीन
19. 'संदेहवाचक वाक्य' का दूसरा नाम है .................. ।
(a) संकेतवाचक (b) विधिवाचक (c) संदेहार्थक (d) इनमें से कोई नहीं
20. उपवाक्य और वाक्य में अंतर है .................. ।
(a) उपवाक्य स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त होता है, वाक्य नहीं
(b) उपवाक्य सर्वथा वाक्य से अलग रहा करता है।
(c) वाक्य का स्वतंत्र प्रयोग होता है; किन्तु उपवाक्य का नहीं
(d) इनमें से कोई नहीं
21. 'संज्ञा उपवाक्य' प्रायः .................. अव्यय से जुड़ा रहता है।
(a) जो से (b) और से (c) कि से (d) किसी से
22. इनमें से किस वाक्य में विशेषण उपवाक्य का प्रयोग हुआ है ?
(a) मुझे विश्वास है कि आप जरूर आएँगे।
(b) जहाँ-जहाँ वह गया, उसका बड़ा सम्मान हुआ।
(c) वह पुस्तक, जो आप चाहते हैं, लाइब्रेरी में नहीं है।
(d) इनमें से कोई नहीं।
23. 'न जाने कितने लोग इस बाढ़ की चपेट में आ गए' ...... इस वाक्य में पदबंध हो सकता है .................. ।

www.classroomnotes.in

(a) न जाने कितने लोग (b) कितने लोग इस बाढ़
(c) इस बाढ़ की (d) चपेट में आ गए

24. इनमें से संश्लिष्ट वाक्य है ………………।
(a) आगरा उ. प्र. में है। वहाँ ताजमहल है। वह सुन्दर है
(b) उ. प्र. में आगरा है। वहाँ सुन्दर ताजमहल है
(c) उ. प्र. के आगरे का ताजमहल सुन्दर है
(d) इनमें से कोई नहीं

25. पदबंध के कितने प्रकार हैं?
(a) तीन (b) चार (c) पाँच (d) अनगिनत

B. प्रत्येक वर्ग में दिए गए चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनकर लिखें।

1. (a) यदि तुम खूब पढ़ोगे अतः विद्वान बनोगे।
(b) न उसे नींद आती है और न प्यास लगती है।
(c) आज मुझे ज्वर है तथापि मैं दफ्तर न आ सकूँगा।
(d) यद्यपि वह विद्वान् है किन्तु आपको पढ़ते रहना चाहिए।

2. (a) मैंने आपसे प्रणाम किया था। (b) मैंने आपको प्रणाम किया था।
(c) मैं आपको प्रणाम किया था। (d) मैं आपको परनाम किया था।

3. (a) यह खबर सुनते ही उनके होश उड़ गए। (b) वह सकुशलपूर्वक रह रहा है।
(c) सोनी कल के दिन जानेवाली है। (d) आपका पिताजी ने बोले थे।

4. (a) यहाँ शुद्ध गाय का घी मिलता है। (b) उसकी पत्नी के लड़का हुआ है।
(c) ईश्वर के अनेकों रूप हैं। (d) मेरी एक ही इच्छा है।

5. (a) वह दंड देने के योग्य है। (b) डर के मारे चोर दौड़ गया।
(c) कर्म ही जीवन की कसौटी है। (d) ललित के दो बेटियाँ हैं।

6. (a) वह खाना खाता है। (b) वह भोजन करता है।
(c) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ। (d) मैं सप्रमाण-सहित कहता हूँ।

7. (a) समाज की वर्तमान दशा चिन्ताजनक है। (b) कालीदास ने मेघदूत लिखा।
(c) महर्षी बाल्मीकी ने कुश को जन्म दिया। (d) विपत्ति ही झगड़ा का कारण बना।

8. (a) जेम्सवाट ने गुरुत्वाकर्षण का पता किया। (b) सुमित्रानंदन पंत महान कवयित्री थी।
(c) दिनकर को राष्ट्रकवि बनाया गया। (d) भारत के पूरब में श्रीलंका है।

9. (a) शत्रु को धीर व्यक्ति ही पराजित कर सकता है।
(b) शत्रु को वीर व्यक्ति ही पराजित कर सकता है।
(c) शत्रु को परिश्रमी व्यक्ति ही परास्त कर सकता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

10. (a) न्यायालय ने उसको निर्दोषी ठहराया। (b) न्यायालय ने उसको निर्दोष ठहराया।
(c) न्यालय ने उसको अपराधी ठहराया। (d) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं।

11. (a) मेरा नाम मोहन जी है। (b) मेरा नाम श्री मोहन जी है।
(c) मेरा नाम श्रीमोहन है। (d) मेरा नाम मोहन है।

12. (a) आकाशवाणी से यह समाचार कहा गया।
(b) आकाशवाणी से यह समाचार सुनाया गया।
(c) आकाशवाणी से यह समाचार बताया गया।
(d) आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया।

13. (a) अपराधी को न्यायालय द्वारा दो वर्ष की सजा दी गई।
(b) दो वर्ष की सजा अपराधी को न्यायालय द्वारा दी गई।

www.classroomnotes.in

(c) अपराधी को सजा न्यायालय द्वारा दो वर्ष की दी गई।
(d) अपराधी को न्यायालय द्वारा दो वर्षों की सजा सुनाई गई।

14. (a) मुझसे यह काम होना संभव नहीं होगा।
(b) मुझसे यह काम हो सकना संभव नहीं है।
(c) मुझसे यह काम होना संभव नहीं है।
(d) मुझसे यह काम हो सकना संभव नहीं होगा।

15. (a) वाह ! कितना घृणित दृश्य है। (b) आह ! कितना घृणित दृश्य है।
(c) ओह ! कितना घृणित दृश्य है। (d) छिः ! कितना घृणित दृश्य है।

16. (a) आइए विराजिए, यह काम करें। (b) आईए विराजिए, यह काम करो।
(c) आइये विराजिए, यह काम कीजिए। (d) आइए बैठिए, यह काम कीजिए।

17. (a) तीन नगर के नाम बताइए। (b) तीन नगर का नाम बताइए।
(c) तीन नगरों का नाम बताइए। (d) तीन नगरों के नाम बताइए।

18. (a) वह रोगवाली शय्या पर पड़ा है। (b) वह रुग्णावस्था की शय्या पर पड़ा है।
(c) वह रुग्ण शय्या पर पड़ा है। (d) वह रोग-शय्या पर पड़ा है।

**C. नीचे लिखे प्रत्येक वाक्य में पदों को रेखांकित किया गया है और उसके नीचे क्रमांकर है। इनमें से कोई एक, वाक्य के संदर्भ में अनुपयुक्त है, इसे मालूम करें और उन्हें छाँटकर वाक्यों को पुनः लिखें—**

1. हवन के दौरान (a) वेदमंत्रों (b) का जोर-जोर से उच्चारण (c) स्पष्ट शब्दों में बोलना चाहिए। (d) सभी उचित हैं। (e)

2. जब से (a) घर में आई (b) है तभी (c) से विनय मिठाई खाने के लिए सत्याग्रह (d) कर रहा है। सभी उचित हैं। (e)

3. विज्ञान (a) ने आज दूध और पानी को भिन्न-भिन्न करने की प्रक्रिया (b) को आसान एवं संभव बना (c) दिया है। कोई त्रुटि नहीं। (d)

4. दोनों सगे भाई (a) होते हुए (b) भी एक-दूसरे से विशेषता (c) दस किलोमीटर की दूरी पर (d) रहते हैं। सभी उचित हैं। (e)

5. हरि ने यह आग्रह (a) कर लिया है कि वह शिक्षा समाप्त (b) कर लेने के पश्चात् (c) ही नौकरी के लिए आवेदन करेगा। (d) सभी उचित हैं। (e)

6. नदियों में (a) भारी बाढ़ आती है तो वे पानी के साथ-साथ (b) उपजाऊ रेत भी बहाकर लाती हैं। (c) सभी उचित हैं। (d)

7. अरुण और अंकुर दोनों (a) अच्छे मित्र हैं लेकिन (b) वे एक-दूसरे के घर से (c) प्रायः पाँच किलोमीटर दूर (d) रहते हैं। कोई त्रुटि नहीं (e)

8. वह एकदम असंभव-सा प्रतीत होता है कि सामने शिकार देखकर भी शेर चिंघाड़ना न शुरू करे। सभी उचित हैं।
(a) (b) (c) (d) (e)

9. मेरे पति कामकार्य के सिलसिले में बहुत व्यस्त रहते हैं। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d)

10. विज्ञान के द्वारा प्रदत्त सत्य सार्वभौमिक होते हैं। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d)

11. जापान के संसद सभासदों के एक शिष्ट मंडल ने कल मुख्यमंत्री से भेंट की। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d) (e)

12. मैच प्रारब्ध होने के दस मिनट बाद बहुत जोर की वर्षा हुई। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d) (e)

13. वह नौकर अभिराम मालिक के लिए काम करता रहा। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d)

14. हमारे समीप उसकी कोई पूर्व सूचना नहीं है। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d)

15. पुलिश चोर को लतियाते थाने ले गई। कोई त्रुटि नहीं।
(a) (b) (c) (d)

**D. निम्नलिखित मिश्रवाक्यों में से उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखें :**

1. यह जरूर है कि शहनाई और डुमराँव एक-दूसरे के लिए उपयोगी हैं।
2. रीड अंदर से पोली होती है जिसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है।
3. रीड नरकट से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है।
4. उनको यकीन है, कभी खुदा यूँ ही उनपर मेहरबान होगा।
5. हिरन अपनी ही महक से परेशान पूरे जंगल में उस वरदान को खोजता है जिसकी गमक उसी में समाई हो।
6. खाँ साहब की सबसे बड़ी देन हमें यही है कि पूरे अस्सी बरस उन्होंने संगीत को संपूर्णता व एकाधिकार से सीखने की जिजीविषा को अपने भीतर जिंदा रखा।

**E. निम्नलिखित वाक्यों को मिश्रित वाक्य में बदलें :**

1. इसी बाल सुलभ हँसी में कई यादें बन्द हैं।
2. काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है
3. धत ! पगली ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पर नहीं।
4. काशी का नायाब हीरा हमेशा से दो कौमों को एक होकर आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा।
5. टोपीवाला बाबू कहाँ गया।
6. कम रोशनी में पढ़ने के कारण वह विद्यार्थी अपनी आँखें गँवा बैठा ?

**F. आश्रित उपवाक्यों को छाँटकर लिखिए और उनके भेदों के नाम भी बताइए :**

1. जब वह यहाँ आया, मैं सो रहा था। *[CBSE 1992]*
2. वह आदमी जो कल यहाँ आया, मेरा मित्र था। *[CBSE 1992]*
3. मैंने एक व्यक्ति देखा जो बहुत लम्बा था। *[CBSE 1992]*
4. जब भी मैं वहाँ गया, उसने मेरा सत्कार किया। *[CBSE 1992, 2001]*
5. उसने कहा कि मैं कल आगरा जाऊँगा। *[CBSE 1993]*
6. मेरे जीवन का लक्ष्य है कि मैं इंजीनियर बनूँ। *[CBSE 1993]*
7. वह पुस्तक जो आप चाहते हैं, लायब्रेरी में नहीं है। *[CBSE 1993]*

www.classroomnotes.in

8. आप जानते हैं ईमानदारी एक अच्छा गुण है। [CBSE 1993]
9. मेरा उद्देश्य है कि मैं मनुष्य मात्र की सेवा करूँ। [CBSE 1993]
10. हमें चाहिए कि हम केवल बातों में ही समय नष्ट न करें। [CBSE 1994]
11. तथागत ने कहा, तुम्हें अपना दीपक स्वयं बनना है। [CBSE 1994]
12. एक भी नेता ऐसा नहीं है जिसका कैलेंडर दीवार पर लगाया जाए। [CBSE 1994]
13. गोकुल ने देखा साहब आज कुछ नाराज हैं। [CBSE 1994]
14. माँ की इच्छा थी कि उनका नरेंद्र वकील बने। [CBSE 1994]
15. महेश बोला कि मैं कल केरल जा रहा हूँ। [CBSE 1994]
16. आपका वह लड़का कहाँ है, जो कल छत से गिर गया था। [CBSE 1995]
17. मेरी इच्छा है कि मैं सबकी सेवा करूँ। [CBSE 1995]
18. जहाँ-जहाँ धुआँ है, वहाँ-वहाँ अग्नि है। [CBSE 1995]
19. जब पूछोगे तब बता दूँगा। [CBSE 1996]
20. वह जानता है कि मैं क्या चाहता हूँ। [CBSE 1996]
21. वह कल नहीं आ सका; क्योंकि वह अस्वस्थ था। [CBSE 1996]

**G. कोष्ठक में दिए निर्देश के अनुसार वाक्यों को परिवर्तित कीजिए।**

1. बच्चे घर में आराम कर रहे हैं। *(आज्ञावाचक)* [CBSE 1990]
2. यह काम कर दीजिए। *(निषेधवाचक)* [CBSE 1990]
3. सुरेश ने पत्र लिखा। *(प्रश्नवाचक)* [CBSE 1992]
4. हर्ष गीता गा रहा है। *(विस्मयसूचक)* [CBSE 1992]
5. तुमने अपना काम पूरा कर लिया। *(प्रश्नवाचक)* [CBSE 1992]
6. अरे ! सुरेश स्कूल जाएगा। *(निषेधवाचक)* [CBSE 1992]
7. प्रेम ने उसका काम नहीं किया। *(संदेहवाचक)* [CBSE 1992]

**H. रेखांकित उपवाक्यों के भेदों के नाम लिखिए :**

1. वह व्यक्ति, जो कल यहाँ आया था, मेरा मित्र है। [CBSE 1996]
2. रहीम बोला कि मैं हैदराबाद जा रहा हूँ। [CBSE 1997]
3. वह पुस्तक कौन-सी है जो आपको बहुत पसंद है। [CBSE 1997, 1999]
4. मुझे विश्वास है कि आप अवश्य आएँगे। [CBSE 1997, 1999]
5. महात्मा गाँधी ने कहा कि गाय करुणा की कविता है। [CBSE 1997]
6. वह छात्र पास हो गया, जो कल यहाँ आया था। [CBSE 1997]
7. मुझे एक व्यक्ति मिला जो बहुत पढ़ा-लिखा था। [CBSE 1998]
8. वह अध्यापक था, जो कल यहाँ आया था। [CBSE 1998, 2001]
9. जो मधुरभाषी होता है, उसे सभी चाहते हैं। [CBSE 1998]
10. मेरे जीवन का लक्ष्य है कि मैं अध्यापक बनूँ। [CBSE 1999]
11. गीता में कहा गया है कि कर्म पर ही मनुष्य का अधिकार है। [CBSE 1999]
12. आज फिर वही लड़की मिली, जो बहुत खूबसूरत थी। [CBSE 1999]
13. वह बीमार ठीक हो गया जो अस्पताल में मिला था। [CBSE 2000]

**I. निर्देशानुसार कीजिए :**

1. रेखांकित उपवाक्य का नाम लिखिए :
   जो छात्र स्वस्थ रहता है, वह सदैव प्रसन्न रहता है। [CBSE 2004]
2. हमारा उद्देश्य रहता है कि हम आत्मनिर्भर हों। *(प्रधान उपवाक्य छाँटकर लिखिए)* [CBSE 2000]
3. वह अध्यापक था, जो कल यहाँ आया था। *(उपवाक्य का भेद लिखिए)* [CBSE 2000]
4. मुझे विश्वास है कि आप अवश्य आएँगे। *(रेखांकित उपवाक्य का नाम बताइए)* [CBSE 2000]

www.classcommotes.in

5. बुद्धिमान एवं दूरदर्शी मनुष्य के लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। *(मिश्र वाक्य में बदलिए)*
6. विद्यालय में आते ही श्याम फुटबॉल खेलने लगा। *(संयुक्त वाक्य में बदलिए)* *[CBSE 2000]*

J. नीचे दिए गए वाक्यों में से आश्रित उपवाक्य छाँटकर भेद भी लिखिए :
1. जहाँ तुम रहते हो, वहाँ सफाई है।
2. वह लड़की, जिसने प्रथम पुरस्कार जीता था, मेरी बहन है।
3. मैं जानता हूँ कि वह झूठ है।
4. मेरा यह सोचना कि विपुल प्रतिभाशाली छात्र है, सही निकला।

## उत्तर

A. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (c) | 7. (b) |
| 8. (c) | 9. (d) | 10. (a) | 11. (d) | 12. (a) | 13. (b) | 14. (b) |
| 15. (a) | 16. (d) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (c) | 21. (c) |
| 22. (c) | 23. (a) | 24. (c) | 25. (c) | | | |

B.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (a) |
| 8. (c) | 9. (b) | 10. (b) | 11. (d) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (c) |
| 15. (d) | 16. (d) | 17. (d) | 18. (d) | | | |

C.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (a) | 6. (a) | 7. (b) |
| 8. (d) | 9. (a) | 10. (a) | 11. (a) | 12. (a) | 13. (b) | 14. (a) |
| 15. (a) | | | | | | |

H.

| | | |
|---|---|---|
| 1. विशेषण उपवाक्य | 2. संज्ञा उपवाक्य | 3. विशेषण उपवाक्य |
| 4. संज्ञा उपवाक्य | 5. संज्ञा उपवाक्य | 6. विशेषण उपवाक्य |
| 7. विशेषण उपवाक्य | 8. विशेषण उपवाक्य | 9. विशेषण उपवाक्य |
| 10. संज्ञा उपवाक्य | 11. संज्ञा उपवाक्य | 12. विशेषण उपवाक्य |
| 13. विशेषण उपवाक्य | | |

I.
1. विशेषण उपवाक्य
2. हम आत्मनिर्भर हों *(संज्ञा उपवाक्य)*
3. जो कल यहाँ आया था *(विशेषण उपवाक्य)*
4. संज्ञा उपवाक्य
5. जो मनुष्य बुद्धिमान एवं दूरदर्शी है, उसके लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है
6. श्याम विद्यालय में आया और फुटबॉल खेलने लगा।

J.
1. जहाँ तुम रहते हो—क्रिया-विशेषण आश्रित उपवाक्य।
2. जिसने प्रथम पुरस्कार जीता था—विशेषण आश्रित उपवाक्य।
3. कि वह झूठ है—संज्ञा आश्रित उपवाक्य
4. कि विपुल प्रतिभाशाली छात्र है—संज्ञा आश्रित उपवाक्य।

★★★

www.classroomnotes.in